मेरी पहचान मेरा साँवरा

के सारा जग कहे मुझे बाँवरा,
मेरी पहचान मेरा साँवरा,
लाज रखता मेरी बात रखता,
सेठ मेरा खाटू वाला साँवरा,

कभी कभी तो सोच के ये दिल डरता है दिल डरता है,
मेरी ख़ातिर साँवरा, दुनियाँ से लड़ता है दुनियाँ से लड़ता है,
आँसू मेरी आखों में ये ये आने ना देता,
गोद में बैठा के मुझे प्यार देता है,
मैं जानता हूँ, रखता हूँ मुझपर नजर,
मेरे हर पल की ये रखता ख़बर,
मेरे ऊपर जो ऊँगली उठाये कोई,
उसको जवाब देता साँवरा,
लाज रखता मेरी बात रखता,
सेठ मेरा खाटू वाला साँवरा,

सांवरे से है मेरा विश्वास का रिश्ता विश्वास का रिश्ता,
मेरे सुख दुःख की ये करता है चिंता ये करता है चिंता,
इसके रहते मौज करूँ, दिन रात मैं,
इससे ज्यादा सस्ता सौदा हो नहीं सकता,
मेरा धीरज कन्हैया ना देता छूटने,
मुझे देता कभी भी नहीं रूठने,
अपने मोहित की नैया का माँझी बनके,
करे भव पार उसे साँवरा,
लाज रखता मेरी बात रखता,
सेठ मेरा खाटू वाला साँवरा,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21578/title/meri-pehchan-mera-sanwara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |